आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली और गर्भपात की गोली: दोनों में क्या अंतर है?

	आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली (ECP) (सुबह के बाद की गोली)	गर्भ गिराने की गोली
यह क्या करती है?	*असुरक्षित* यौन संबंध के बाद गर्भावस्था से बचाती है	*गर्भ* को नष्ट करती है
गोलियों के नाम	लिवोनोजेसट्रोल (प्लान बी® वन स्टेप और अन्य) या युलिप्रिस्टल एसीटेट (एला®)	माइफ़प्रिस्टोन, (फेप्रेक्स®) और मिसोप्रोस्टोल (साइटोटेक®)
गोलियों में क्या होता है? ये कैसे काम करती हैं?	आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियों के अधिकांश ब्रांड में प्रोजेस्टिन होता है, जो दैनिक गर्भ-निरोधक गोलियों में होता है। एला® में एक हार्मोन होता है जो प्रोजेस्टिन की नक़ल कर उन्हें ब्लॉक करता है। आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली अंडोत्सर्ग को विलंबित करती है।	*माइफ़प्रिस्टोन* गर्भावस्था के विकास को रोकता है। *मिसोप्रोस्टोल* के कारण मरोड़ होता है जिससे गर्भ गर्भाशय से बाहर आ जाए।
आप इसे कब लें?	आप आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली जितनी जल्दी लेती हैं, यह उतना अच्छा काम करती है। (एला® सेक्स के 5 दिन बाद भी उतनी ही अच्छे से कार्य करती है जैसे की यह पहले दिन लेने पर काम करती है।) आपातकालीन गर्भ निरोधक असुरक्षित यौन संबंध के 5 दिन बाद तक काम करता है। कुछ पैक में 1 गोली होती है और कुछ पैक 2 गोलियाँ होती हैं। आप दोनों गोलियाँ एक साथ ले सकती हैं।	यह आरम्भिक गर्भावस्था में, आपके आखरी पीरियड से करीब 9 सप्ताह तक के लिए काम करता है। अपॉइंटमेंट के समय आपको पहली गोली दी जाती है। पहले माईफ़प्रिस्टोन लें फिर बाद में मिसोप्रोस्टोल लें।
आपके शरीर को क्या होता है?	अधिकांश लोगों को ठीक लगता है। गोलियाँ लेने के बाद थोड़े समय के लिए मतली, उल्टी, सिरदर्द, चक्कर आना, पेट में मरोड़, या छाती में दर्द हो सकता है। आपकी अगली गर्भावधि कुछ दिन पहले या कुछ दिन बाद आ सकती है।	पहली गोली लेने के बाद, ज्यादातर लोगों को ठीक महसूस होता है। दूसरी गोली के उपयोग के बाद, आपको रक्त के थक्कों के साथ भारी खून निकल सकता है। ऐसा कुछ घंटों के लिए होता है। बाद में, 1-3 सप्ताह के लिए हल्का खून निकल सकता है । कम या बहुत ज्यादा दर्द हो सकता है; कभी-कभी मरोड़ भी हो सकती है। दर्द निवारक गोलियाँ मदद करती हैं।
यह कितनी अच्छी तरह काम करती है?	आपातकालीन गर्भ निरोधक आपके गर्भवती होने की सम्भावना को 58% से 94% तक कम करती है।	गर्भपात की गोलियां समय रहते 98- 99% तक काम करती हैं। यदि यह काम नहीं करती तो आप फिर गोलियां ले सकती है या गर्भपात प्रक्रिया अपना सकती है।
इसमें कितना खर्च आता है?	आपातकालीन गर्भ निरोधक के एक पैक का मूल्य 35$ -60$ होता है।	सटीक मूल्य आपके खरीदने के स्थान पर निर्भर करता है।
बीमा सुरक्षा	आप डॉक्टर के पर्चे के साथ अपने Medicaid बीमा सुरक्षा या निजी बीमा सुरक्षा का उपयोग करने में सक्षम होंगे। आप अपनी बीमा कंपनी को कॉल कर देख सकते हैं कि वे आपातकालीन गर्भ निरोध के कौन से ब्रांड कवर कर रहे हैं।	कई बीमा योजनाएं अब गर्भपात की गोलियां कवर करती हैं।
यह आपको कैसे मिलेगा?	फार्मेसी, स्वास्थ्य केन्द्रों, या स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के पास उपलब्ध है: उपलब्धता जानने के लिए, आगे बढ़ कर मालूम करें। आपकी उम्र चाहे जितनी भी हो, आप डॉक्टर के पर्चे के बिना कुछ ब्रांड्स प्राप्त कर सकते हैं। डॉक्टर के पर्चे के साथ आप केवल एला® प्राप्त कर सकते हैं। अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता पूछें या यह वेब पेज देखें www.not-2-late.com	अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से पूछें - (800) 772-9100 पर कॉल करें, या www.prochoice.org/pregnant/find/ पर विज़िट करें